हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 अप्रैल 2024

06 वन विभाग और नपा ने शुरू की बंदरों की धरपकड़...



07 बिजली नहीं मिलने से नाराज किसान विभाग का...





**लोकसभा क्षेत्र**
गुना

1 **भाजपा प्रत्याशी**
ज्योतिरादित्य सिंधिया

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
राव यादवेंद्र सिंह यादव

**पिछली बार कौन जीता**
केपी सिंह यादव

**जीत का अंतर**
1 लाख 25 हजार 549

## क्या रहेंगे मुद्दे?

गुना-शिवपुरी में सभी तरह के मुद्दों का असर रहता है। जहां तक चुनावी मुद्दों का सवाल है तो गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सभी तरह के मुद्दों का असर है। लोग राष्ट्रीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर से प्रभावित दिखाई पड़ते हैं। ज्योतिरादित्य की हार के बाद यह क्षेत्र उपेक्षित जैसा रहा। प्रदेश की सरकार ने भी खास ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से लोगों में नाराजगी दिखती है। चंबल-ग्वालियर अंचल का होने से यहां जातीय राजनीति का असर है। यह चुनाव को प्रभावित करेंगे। सिंधिया परिवार ने क्षेत्र के लिए विकास के काफी काम किए हैं। इनका असर भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

### पिछला चुनाव हार चुके सिंधिया की राह इस बार भी कठिन, कांग्रेस ने क्षेत्र का यादव प्रत्याशी उतार मुश्किल में डाला

# जातीय समीकरणों में उलझा ज्योतिरादित्य-यादवेंद्र के बीच मुकाबला

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव पर इसलिए भी सबकी नजर है, क्योंकि महल घराने के सिंधिया 2019 में लगभग सवा लाख वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। तब वे कांग्रेस में थे, अब भाजपा प्रत्याशी हैं। पिछली बार उन्हें उनके ही सहयोगी रहे केपी सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर हराया था। इस बार कांग्रेस ने क्षेत्र के ही चर्चित यादव परिवार के सदस्य राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। ज्योतिरादित्य और यादवेंद्र की लड़ाई को क्षेत्र के जातीय समीकरणों ने उलझा दिया है। इससे सिंधिया की राह ज्यादा आसान नहीं है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

प्रदेश की गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कांग्रेस ने भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी ही शैली में जवाब देने की कोशिश की है। 2019 के चुनाव में वे कांग्रेस से भाजपा में गए और अपने ही सहयोगी केपी सिंह यादव से चुनाव हार गए थे। इस बार सिंधिया भाजपा में हैं और पार्टी ने केपी का टिकट काटकर उन्हें ही टिकट दे दिया है। कांग्रेस ने भी नहले पर दहला जड़ते हुए क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की तादाद ज्यादा है। केपी सिंह यादव का टिकट काटे जाने के


ज्योतिरादित्य सिंधिया


राव यादवेंद्र सिंह

कारण उनमें नाराजगी भी है। क्षेत्रीय समीकरणों के कारण जाटव, गुर्जर और लोधी मतदाताओं का भी भाजपा खासकर सिंधिया से मोह भंग हुआ है। हालांकि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में हमेशा महल घराने अर्थात सिंधिया परिवार का दबदबा रहा है। अपवाद के तौर पर पिछला चुनाव छोड़ दें तो इस परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं हारा, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद सिंधिया लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों से गुस्सा दिखाई पड़े। विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थक उस तादाद में नहीं जीते, इसकी वजह से काफी समय तक ये क्षेत्र उपेक्षित रहा। अब भाजपा ने अपने उस सांसद केपी सिंह यादव का टिकट काट दिया, जिसने पहली बार सिंधिया परिवार के सदस्य को हराने का कीर्तिमान रचा था। ऐसे में भले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं, लेकिन यादव समाज कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव के पाले में जा सकता है। अन्य जातियों में लोधी समाज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की उपेक्षा के कारण नाराज तो है ही, इनका यादव समाज के साथ अघोषित समझौता जैसा हुआ है। पिछौर में यादव समाज ने प्रीतम लोधी को वोट देकर जिताया है, अब लोकसभा चुनाव में लोधी समाज की अहसान चुकाने की बारी है। गुर्जर और जाटव समाज अब एकतरफा नहीं, बंटा नजर आ रहा है।

### विधानसभा सीटों के लिहाज से भाजपा भारी

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। भाजपा ने 6 सीटें कुल 2 लाख 9 हजार 529 वोटों के अंतर से जीती हैं, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर महज 23 हजार 169 रहा है। इस तरह भाजपा 1 लाख 86 हजार 360 वोटों की बढ़त पर है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बढ़त ली थी, लेकिन लोकसभा में ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए थे, इसलिए मतदाताओं के मूड को पढ़ना आसान नहीं है।

### तीन जिलों को मिला कर बनी गुना लोकसभा सीट

गुना लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटें तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी के अंतर्गत आती हैं। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली। कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने 2004, 2009 और 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता।

### यादव, जाटव, गुर्जर लोधी समाज निर्णायक

गुना लोकसभा क्षेत्र में चार जातियों यादव, लोधी, जाटव और गुर्जर समाज का दबदबा है। क्षेत्र में जाटव समाज के मतदाता लगभग तीन लाख और यादव समाज ढाई लाख के आसपास बताया जाता है। इसके बाद लोधी और गुर्जर मतदाताओं की तादाद है। ये भी लगभग डेढ़-डेढ़ लाख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी जातियों के मतदाता एकजुट हो गए थे। इसकी वजह से ज्योतिरादत्य सिंधिया 1 लाख 25 हजार 549 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार भी ये मतदाता किसी का भी खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। यादवों की ज्यादा तादाद में कांग्रेस के पक्ष में जाना तय है, जबकि गुर्जर और जाटव मतदाता का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जा सकता है।

# सेप्टिक टैंक की दीवार ढहने से मजदूर दंपती की मौत

### ठेकेदार की लापरवाही से अनाथ हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रामगंज स्थित एक घर पर सेप्टिक टैंक पर मजदूरी कर रहे दंपत्ति जुगुल किशोर और रूपा ठाकुर की सेप्टिक टैंक की दीवार ढहने से मौके पर ही मौत हो गई। दंपत्ति की मौत के बाद उनकी बेटी शर्मिला, बेटा रामकिशोर और मां झुनिया बाई का बुरा हाल है। मजदूर दंपत्ति परिवार के परिवार के भरण पोषण का एक मात्र सहारा थे जो कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते इस दुनिया में नही रहे। एसडीओपी संजू चौहान एवं थाना प्रभारी कंचन ठाकुर ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया है। जांच जारी है जो भी संबंधित दोषी पाया जाता है कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी कंचन ठाकुर ने बताया कि साहब



सिंह के मकान में काम चल रहा था। एसडीएम बृजेंद्र रावत ने बताया कि मृतक रूपा ठाकुर का नाम संबल योजना में था जिससे परिजनों को 4 लाख की सहायता राशि और अंतिम संस्कार के लिए 5 -5 हजार की राशि प्रदान की जा रही है तो एक अन्य मृतक जुगुल किशोर जिसका नाम संबल योजना में नही है को कर्मकार मंडल के तहत यह पुष्टि होने पर कि निर्माणधीन दीवार गिरने से मजदूर की मौत हुई है को भी 4 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

#### ठेकेदार पर लापरवाही बरतने पर हो कार्रवाई

जिस मकान में निर्माण कार्य चल रहा था उस निर्माण कार्य का ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई नियमतः होना चाहिए जिसे लेकर मृतकों के परिजनों और अन्य जानकार लोगों के अनुसार उक्त ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही हो जिससे कि अन्य मजदूर ऐसी घटनाओं का शिकार ना हो और निर्माण के दौरान ठेकेदार सावधानी बरतें। दो दिवस बीत जाने के बाद संबंधित व्यक्ति जो भी है के खिलाफ कार्रवाई ना होने से मृतकों के परिजन एवम ग्रामीण असंतुष्ट है हालाकि पुलिस का मानना है कि जांच चल रही है कार्रवाई होगी।

# जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदान के प्रति मतदाता जाकरूग हो। इसी क्रम में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान केंद्र क्रं.80 ग्वालटोली नर्मदापुरम में संबंधित वार्ड क्रमांक 31 की सभी मतदाता सखियों एवं सभी शौर्य दल की सदस्य द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल के लिए मतदाता जागरूकता गीत को गाकर




वार्ड के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं मतदान के लिए गृह भेंट भी की गई एवं मतदान में सभी को अनिवार्य रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया और अधिक से अधिक मतदान करने संदेश दिया। महिलाओं ने लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व थीम पर रंगोली बनाई और मतदान के महत्व को बताया गया।

# संभाग स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा की टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही एम. वाय. मैमोरियल ट्रॉफी सिनियर मेंस हेतु नर्मदापुरम संभाग की टीम घोषित कि गई। जिसमें गौतम रघुवंशी (कप्तान), अभिषेक संघवान,राहुल चंद्रोल (विकेट कीपर), अमरजीत सिंह,रित्विक दीवान,आदर्श दुबे, तनय जैन,अखिल यादव,आर्यन देशमुख, हर्षित परसाई,गौरव दासोरे, आयुष मानकर, शाश्वत भदोरिया,अयान एस, नवीन नागले, स्टैंडबाई अथर्व महाजन, विधान दुबे, सागर यादव,कार्तिक राजोरिया,राज मेहता, कोच अतुल प्रताप सिंह राजावत ट्रेनर मनीष यादव हैं। नर्मदापुरम संभाग की टीम रीवा में अपने लीग मैच इंदौर, उज्जैन ,रीवा, से खेलेगी। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

## विप्र महिला मंडल का हुआ होली मिलन समारोह



**नर्मदापुरम।** विप्र महिला मंडल ने नेहरू पार्क में होली मिलन कार्यक्रम रखा जिसमें सभी बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली एवं रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ममता मिश्रा, किरण दिबोलिया, राखी तिवारी, सविता व्यास, नीतू शुक्ला, निशा डाले, कानि तिवारी, रशिम त्रिपाठी, रशिम शर्मा, सुनीता दुबे, निर्मला डाले, संगीता दिवेदी, ज्योति पुरोहित,ममता दीवान, मालती, ज्योति श्रोती, छमा त्रिवेदी, रक्षा उपाध्याय, मीना, मनु, रजनी, ब्रजलता, शोभा दुबे, रेणु दुबे, रशिम मिश्रा, पुष्पलता दुबे, रूपा दुबे मौजूद रही।

## नाम निर्देशन के तीसरे दिन कोई नामांकन दाखिल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में नामांकन के तीसरे दिन मंगलवार 02 अप्रैल 2024 को किसी भी अभ्यर्थी अथवा व्यक्ति ने नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किए है।

# युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवाओं का कुल मतदाताओं में अधिक अनुपात है। अनेक युवा हॉस्टल, कोचिंग संस्थान आदि में रहते हुये अपने मतदान केंद्र से दूर कहीं अध्ययन कर रहे हैं। इन नव मतदाताओं को ईवीएम तथा वीवीपैट के साथ मतदान प्रक्रिया की जानकारी कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में स्वीप आईकॉन सारिका घारू द्वारा दी जा रही है। इसमें इन युवाओं को उनके निवास स्थान पर मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 के दिन वोट देकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने प्रेरित किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जिले के दो आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना ने दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश पारित किये हैं। संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि थाना पिपरिया के अंतर्गत बनवारी निवासी पवन रघुवंशी पिता रामगोपाल रघुवंशी को एक वर्ष के लिए तथा इसी थाना अंतर्गत लोहिया वार्ड पिपरिया निवासी सुरजीत कुचबंदिया पिता धनेश कुचबंदिया उम्र 27 वर्ष को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

## इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक मंडल अध्यक्ष वीना शाह ने किया संस्था के कार्यों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** इनरव्हील मंडलाध्यक्ष बीना शाह ने नर्मदापुरम में कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष वंदना समैया ने बताया कि वीना शाह नारी रत्न से सम्मानित हुई है। सहज सरल व्यक्तित्व की धनी वीना ने सभी का मन मोह लिया और मार्गदर्शन किया। इनर व्हील प्रार्थना का वाचन निधि जैन और अर्चना सिंघई ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सरस्वती वंदना अंजु गुप्ता और भावना चावरा ने प्रस्तुत की। स्वागत गीत कामिनी जैन, विजेता दुबे, प्रीति मालवीय ने प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष वंदना समैया ने दिया। सेक्रेटरी रिपोर्ट सचिव नीता जैन ने दी आइसो रिपोर्ट अंजू गुप्ता दी। कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट संगीता गुप्ता ने दी। एडिटर की रिपोर्ट सुनीता अग्रवाल ने दी। मंडल अध्यक्ष बीना का परिचय नीरजा फौजदारजी ने दिया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर पोस्टर मेकिंग कंपटीशन नर्मदा पुरम के सभी बड़े स्कूलों में कराया गया। जिसमें 300 बच्चों ने भाग लिया। सेमी रिटर्न हाई सेकेंडरी स्कूल, सेमी रिटर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल, प्रेरणा कान्वेंट स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, नर्मदा वैली स्कूल, नर्मदा विहार स्कूल और गर्ल्स स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

## पार्षद ने की अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रं.6 के पार्षद राजेन्द्र उपाध्याय ने बाजार क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन सौंपकर मांग की। पार्षद राजेन्द्र उपाध्याय ने शिकायत पत्र में कहा है कि इतवारा बाजार, नेहरू पार्क, एसएनजी स्कूल के पास मोरछली चौक सहित अन्य क्षेत्रों में व्यापारियों द्वारा दिन में सड़क पर सामग्री रखकर अतिक्रमण किया जाता है जिससे आम नागरिकों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण भी दुकानों में आने वाले ग्राहक सड़क पर ही अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

### चुनाव आयोग ने जारी किए पेड न्यूज से बचने के लिए दिए निर्देश

# एक पक्षीय समाचार प्रकाशित न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

चुनाव आयोग ने पेड न्यूज से बचने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। इसके अनुसार राजनीतिक दलों के व्यक्तियों द्वारा जारी किए ई मेल की न्यूज़ को अपने समाचार पत्रों में स्थान बहुत गंभीरता पूर्वक 3 से 4 बार पढ़ने के पश्चात अध्ययन करके, सोच समझकर, काट छांट कर के स्थान देना चाहिए। राजनीतिक दलों के व्यक्तियों द्वारा जारी किए गए ईमेल न्यूज, पैड न्यूज की श्रेणी में तो नहीं आ रही। इस बात का विशेष ध्यान रखे। समाचार-पत्रों से यह उम्मीद की जाती है कि वे गलत चुनाव अभियान या किसी उम्मीदवार या पार्टी या घटना के बारे में बढ़ा चढ़ाकर रिपोर्ट नहीं छापेंगे। किसी उम्मीदवार के उठाये मुद्दे की अनदेखी नहीं करनी चाहिए जैसे एक्स अभ्यर्थी की सभा में जनसैलाब उमड़ा, एक्स अभ्यर्थी को मिल रहा है, भरपूर जनसमर्थन, जनता ने दिखाया उत्साह, एक्स अभ्यर्थी की सभा से माहोल निर्मित, जनता दे रही विजय श्री का आशीर्वाद। इसी तरह से प्रेस को किसी उम्मीदवार के निजी चरित्र या व्यवहार के बारे में, उसकी उम्मीदवारी की पात्रता के बारे में या उसके चुनाव से हट जाने के बारे में आलोचनात्मक बयान नहीं छापने चाहिए। प्रेस को किसी एक पार्टी के बारे में नहीं छापना चाहिए या फिर अन्य पार्टी को भी बोलने का मौका



देना चाहिए। इस तरह का कोई सरकारी विज्ञापन नहीं छापना नहीं चाहिए जो सत्ताधारी पार्टी या उम्मीदवार के बारे में हो। किसी राजनैतिक दल या अभ्यर्थियों की अतिशयोक्ति पूर्ण प्रशंसा व उपलब्धियों से जुड़े समाचार को एक जैसी भाषा में एक से अधिक बार प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रकाशित या प्रसारित करना। ऐसा समाचार जो पढ़ने और सुनने में किसी राजनीतिक दल या अभ्यर्थियों की एक तरफा या एक पक्षीय चुनावी टिप्पणी करें। ऐसा कोई समाचार / टिप्पणी / रिपोर्टिंग जिससे किसी राजनैतिक दल या अभ्यर्थियों के पक्ष में जीत की संभावना व्यक्त की गई हो। समाचार पत्र में एक ही दल की चुनावी गतिविधियों को विस्तार से प्रकाशित करना तथा अन्य दल के चुनावी समाचारों को सीमित स्थान देना। किसी राजनीतिक दल या अभ्यर्थियों या किसी के व्यक्तिगत जीवन के बारे में अशोभनीय टिप्पणी, एक तरफा आलोचना या टिप्पणी करना। किसी राजनैतिक दल अभ्यर्थी के पक्ष में एक जैसे समाचार एक से अधिक अखबारों में प्रकाशित करना। ऐसे समाचार जिसमें अभ्यर्थी का बिना नाम लिए समर्थन किया जा रहा हो। जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी ने पेड न्यूज के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से पालन करने का अनुरोध किया है।

# मतदाताओं को रंगोली और मेंहदी स्पर्धा से किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में स्वीप गतिविधिया के आयोजन मंगलवार को नगर पालिका परिषद द्वारा पुलिस लाइन में आंगनबाड़ी केंद्र पर मतदाता जागरूक अभियान का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को अपने मत का अपने वोट का सही रूप से उपयोग करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। नपा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधिया की गई। मेरा वोट मेरा भविष्य, देश के विकास में दे अपना योगदान हर हाल में करना हैं अपना मतदान। इस जागरूकता अभियांन में सीएमओ हेमवश्वरी पटले, महिला बाल विकास अधिकारी प्रीति यादव, प्रमोद गौर सेक्टर अधिकारी, सिटी मिशन मैनेजर, दिव्या मिश्रा एवं आंगनबाड़ी की महिला उपस्थित रही।

## कांग्रेस प्रत्याशी आज दाखिल करेंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी तेंदूखेड़ा के पूर्व विधायक संजय शर्मा 3 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के बाद विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा का नामांकन दाखिल करने के लिए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह प्रभारी संजय कपूर, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, लोकसभा के आठो विधानसभाओं के सभी कांग्रेस प्रत्याशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी समेत कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता जन होशंगाबाद पहुंचेंगे एवं आम सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अपने नेताओं के स्वागत के लिए तैयारी की है।

## खबर संक्षेप

### कीर्ति यादव बने भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए मुलताई विधानसभा प्रभारी



**मुलताई।** भाजपा नेता कीर्ति यादव को भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पिछला वर्ग मोर्चा मंत्री विधानसभा प्रभारी बनाया गया यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं कैबिनेट मंत्री नारायण कुशवाह, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा रणवीर सिंह रावत, की सहमति से की गई है । बता दे की कीर्ति यादव भाजपा जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष है उन्हें लोकसभा चुनाव हेतु मुलताई विधानसभा के लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया हैं।कीर्ति यादव ने विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर वरिष्ठ नेतृत्व एवं सभी भाजपा पदाधिकारियों सहित भाजपा संगठन परिवार के सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

### पेट्रोल डालकर जलाया

**बैतूल।** जिले में सनसनीखेज अपराधो का सिलसिला थमता नजर नही आ रहा है। बीते दिनों आदिवासी युवकों के साथ मारपीट के दो मामलो की वजह से सुर्खियों में आए जिले में अब एक युवती को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अभी युवती गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता आदिवासी युवती हमलापुर के पेट्रोल पंप पर सेल्स गर्ल का काम करती और अपनी मां के साथ किराए के मकान में हमलापुर क्षेत्र में ही रहती है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती के प्रेमी द्वारा विवाह के लिए दबाव बनाया जा रहा था। मना करने पर उसने वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के कुछ घंटे पहले ही आरोपी ने प्रेमिका को शराब के नशे में चाकू दिखाया था जिसकी शिकायत पर आरोपी को बैतूलगंज थाने ले जाया भी गया, लेकिन माफी मांगने और दोबारा गलती न करने का भरोसा दिलाने पर युवती ने राजीनामा कर लिया। थाने में करीब 1 घंटे तक युवक को पुलिस ने रखा भी था।प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलतः मलकापुर गांव की निवासी 22 वर्षीय आदिवासी युवती वर्तमान में हमलापुर में रह रही है। सोमवार की रात 11 बजे अर्जुनगर निवासी आर्यन मालवीय ने युवती को पेट्रोल डालकर जला दिया। पीड़िता का आरोप है कि प्रेमी युवक द्वारा विवाह करने के लिए दबाव बना रहा था। सोमवार को युवक रात करीब 11 बजे घर आया और उसने गेट पर पेट्रोल छिड़क दिया। पेट्रोल की महक आने पर युवती ने गेट खोला और मौका पाकर आरोपी आर्यन मालवीय ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर हालत में पीड़िता को रात में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां पीड़िता का अभी उपचार जारी है।

### गौवंश तस्करी का मामला

**बैतूल।** लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस की चाक-चौबंद नाकाबंदी के बावजूद गौ-तस्करों के हौसले बुलंद है। जिले में आए दिन गौवंश तस्करी के मामले सामने आ रहे है। मंगलवार सुबह भी शिफ्ट डिजायर से हो रही गौ-तस्करी उजागर हुई। यह वाहन ताप्ती घाट में पलट गया, जिसके बाद तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के पदाधिकारियों ने गाड़ी से बाहर निकालकर 5 गौवंश को सुरक्षित गौशाला पहुंचाया। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रांत मीडिया प्रमुख सूरज खाड़िया ने बताया कि सुबह क़रीब 6 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक शिफ़्ट डिज़ायर सवारी गाड़ी खेड़ी ताप्ती मोड में पलट गई है ।

### मनाया गया प्रवेश उत्सव

**बैतूल।** शासकीय हाई स्कूल कोलगांव में सोमवार 1 अप्रैल को स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य डी.के. काले द्वारा बेहतर परीक्षा परिणाम लाने पर समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का सम्मान कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में शिक्षकों को कक्षा नवमी में 83.33%, जिसमें प्रविष्ट 84 में से 70 बच्चे उत्तीर्ण हुए थे, तथा कक्षा 11वी में 74 में से 74 छात्र उत्तीर्ण हुए थे, इस प्रकार उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 100% आने पर विशेष रूप से बधाईयाँ दी गई।

---

### लगातार बना हुआ है बंदरों का आतंक: सोमवार को पकड़े 6 बंदर, मंगलवार को बेरंग लौटे कर्मचारी

# वन विभाग और नपा ने शुरू की बंदरों की धरपकड़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

विद्युत नगरी सारनी में लगातार बंदरों का आतंक बढ़ते जा रहा था इसको देखकर सामाजिक संगठन और सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष के माध्यम से बंदरों को पकड़ने की मांग की गई थी लेकिन वन विभाग और नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से इसे अनसुना किया जा रहा था।जिस पर सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी के माध्यम से कलेक्टर को शिकायत सोमवार को की गई जिसका परिणाम यह रहा कि वन विभाग और नगर पालिका परिषद सारनी के संयुक्त तत्वाधान में आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वाले बंदरों की धर पकड़ शुरू कर दी गई है।सोमवार के दिन नगर पालिका परिषद सारनी के कर्मचारी और वन विभाग के कर्मचारियों के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका के द्वारा दी गई पशु वाहन में विभिन्न स्थानों से 6 बंदरों को पकड़ने में सफलता मिली है।मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर पशु वाहन को खड़ा करके बंदरों को पकड़ने का प्रयत्न किया गया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई बताया जाता है कि मंगलवार शाम को भी पशु वाहन के माध्यम से बंदर को पकड़ने का कार्य किया जाएगा संभवत बंदर को पकड़ने में संयुक्त अभियान को सफलता मिलेगी नगर पालिका परिषद सारनी के स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार ने बताया कि सोमवार को जो 6 बंदर पकड़े गए थे उन बंदरों को वन विभाग के निर्देश पर घने जंगल में छोड़ने का कार्य किया गया है। यह बंदरों की पकड़ने का अभियान संयुक्त रूप से लगातार जारी रहेगा।

#### नपा ने रखा है बंदरों को पकड़ने के लिए 18 लाख का बजट




नगर पालिका परिषद सारनी पुराने लोगों की कहावत को चरितार्थ करते दिखाई दे रही है पुराने जमाने के लोगों का कहना है कि पानी में डुबकी लगाकर पानी पीने से गले में केकड़ा फस जाता है जिससे ना तो आदमी निकल पाता है ना कुछ खा पता है ठीक इसी तरह की स्थिति नगर पालिका परिषद सारनी की हो गई है नगर पालिका परिषद सारनी के पीआईसी और परिषद की बैठक में बंदरों को पकड़ने के लिए 18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष के माध्यम से मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी और वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के महाप्रबंधक और वन विभाग के अधिकारियों के संयुक्त बैठक करके उनसे भी धनराशि लेकर अपने चाहिते को यह निविदा देने का प्रयत्न कर रहे थे लेकिन आचार संहिता लगने के बाद अचानक से बंदरों के हमले तेज हो गए जिसकी वजह से सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी के माध्यम से आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे और कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को शिकायत करके बंदरों के बढ़ते आतंकों को देखते हुए बंदर की धर पकड़ किए जाने की मांग की गई थी जिस पर कलेक्टर के माध्यम से वन विभाग के अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिया गया कि बंदरों की धर पकड़ की जाए जिस पर आनन फानन में सोमवार से बंदरों की धर पकड़ करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कि उत्तरप्रदेश के मथुरा के कुछ लोग हैं जो संयुक्त रूप से आकर बंदरों को बिना नुकसान पहुंचा उन्हें पकड़ने का कार्य करते हैं और बंदर को पकड़ने में ढाई से तीन लाख रुपए के खर्च होने की संभावना बनी हुई है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका के माध्यम से 18 लाख रुपए का जो बजट बंदरों की धर पकड़ के लिए रखा गया था वह अपने चाहितो को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निविदा जारी करने में हिचकीचाह रहे थे लेकिन बंदरों के बढ़ते आतंक की वजह से कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार से बंदरों की धर पकड़ शुरू कर दी गई है।




#### दूर ले जाकर छोड़ा गया

वन विभाग और नगर पालिका के कर्मचारियों के संयुक्त तत्वधान में सोमवार को 6 बंदर पकड़ने में सफलता मिली इन बंदरों को दूर जंगल ले जाकर छोड़ने का काम किया है। वन विभाग के दिशा निर्देश पर बंदरों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है।

के.के भावसार
स्वास्थ्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद सारनी

---

# लोकसभा निर्वाचन नाम निर्देशन के छठवें दिन बसपा प्रत्याशी भलावी ने एक और भाजपा सांसद उईके ने भरे 3 नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

लोकसभा निर्वाचन नाम निर्देशन के छटवे दिन मंगलवार को बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी ने जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी राजीव कहार और उप जिलाधिकारी अजीत मरावी के समक्ष प्रस्तुत किया।श्री भलावी ने संसदीय लोकसभा क्षेत्र-29 बैतूल के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।



#### उईके ने भरे 3 आवेदन

भाजपा प्रत्याशी डीडी उईके द्वारा मंगलवार को 2 नामांकन और दाखिल किए गए। इसके पूर्व उन्होंने अपना पहला नामांकन रंगपंचमी 30 मार्च के दिन जमा कराया था। श्री उईके ने अपना दूसरा नामांकन मंगलवार को सुबह 11.20 पर जमा कराया। उनके साथ विधायकगण महेन्द्र सिंह चौहान, गंगा सज्जन सिंह उईके, चंद्रशेखर देशमुख उपस्थित थे। सांसद श्री उईके ने अपना तीसरा नामांकन निर्देशन पत्र 2:24 मिनट पर दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्वती बाई बारस्कर, अलकेश आर्य, सुभाष आहूजा भी उपस्थित थे।

#### 10 नामांकन का हुआ विक्रय

नामांकन प्रारंभ होने से अब तक 6 दिनों में कुल 10 नाम निर्देशन पत्र क्रय किए गए। इसमें मंगलवार को कुल 2 नामांकन पत्र क्रय किए। इसमें स्वतंत्र किसान पार्टी से ग्राम नीमढाना पोस्ट रानीपुर तहसील घोड़ाडोंगरी के सुभाष बारस्कर एवं भारत आदिवासी पार्टी से ग्राम अंधारिया पास्ट बारंगवाड़ी तहसील आमला जिला बैतूल निवासी अमित योगी उईके ने नामांकन पत्र क्रय किए।

#### 8 अप्रैल को प्रतीक चिन्ह

उल्लेखनीय है कि नाम निर्देशन प्राप्त करने की कार्रवाई 4 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को और 8 अप्रैल तक अभ्यर्थी अपना नाम वापिस ले सकेंगे। 8 अप्रैल को ही प्रतीक आवंटित किए जाएंगे।

---

### समाधान के बजाय हाथ खड़े कर रहा विभाग

# अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज से परेशान किसान

**सारनी।** गर्मी शबब पर है और किसानों को मूंग की फसल बोना है लेकिन बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर अधोषित बिजली कटौती कर रही है।जिसकी वजह से किसान को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बिजली विभाग जो बिजली ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रही है वह लो वोल्टेज है थ्री फेस तो दूर सिंगल फेस की मोटर भी नहीं चल पा रही है।

रात्रि के समय में पंखा भी दिल खोलकर नहीं घूम पा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लो वोल्टेज की परेशानी का समाधान बिजली विभाग के आला अधिकारी नहीं कर पाए ना करवा पा रहे हैं।जबकि भारतीय किसान संघ के बैनर तले कई बार बिजली कार्यालय का घेराव और कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने का कार्य किया जा चुका है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल ने बताया कि कलेक्टर और बिजली विभाग से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायत करके अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण किया जाने की मांग अनेकों बार की जा चुकी है।लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के छोटे बड़े सभी कर्मचारी अपने हाथ खड़ेकर के यह बोल रहे हैं कि बिजली के सब स्टेशन से जो वोल्टेज उपलब्ध हो रहा है वही वोल्टेज ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल की माने तो 90 से लेकर 120 के वोल्टेज पर बिजली ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाई जा रही है और इस बिजली से सिंगल और थ्री फेस की मोटर दिल खोलकर नहीं चल पा रही है जिसकी वजह से किसान मूंग की फसल समय पर नहीं लग पा रहा है।यदि बिजली की अधोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो भारतीय किसान संघ एक बार फिर सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगी।

---

### जय स्तंभ चौक और बगडोना स्वागत द्वार पर जांच

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाहनों की धरपकड़ और जांच अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सारनी पुलिस के माध्यम से बैतूल से छिंदवाड़ा आवागमन करने वाले वाहनों की जाच पड़ताल कड़ी कर दी गई है। दिन के अलावा रात्रि के समय भी छिंदवाड़ा से बैतूल और विभिन्न स्थान पर आवागमन करने वाले वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है।



सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश है कि छोटे बड़े सभी वाहनों की जांच पड़ताल बारीकी के साथ करनी है लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगद राशि शराब सहित विभिन्न प्रकार की तस्करी होने की संभावना बनी हुई है। ऐसी स्थिति को देखते हुए बगडोना के स्वागत द्वारा सारनी के जय स्तंभ चौक और बैतूल जिले के बॉर्डर लोनिया पर अलग-अलग स्थान पर जांच दल जाच चौकी बनाकर दिन और रात के समय आवागमन करने वाले वाहनों की जांच पड़ताल करने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा जिन वाहनों के पास संपूर्ण दस्तावेज नहीं है ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव ने बताया कि इसके अलावा वारंटी जो लंबे समय से फरार चल रहे हैं ऐसे लोगों को भी चिन्हित करके उन्हें गिरफ्तार करने के न्यायालय में प्रस्तुत करने का कार्य किया जा रहा है और इसमें सारनी पाथाखेड़ा की पुलिस को लगातार सफलता भी मिल रही है।

---

**30 मार्च के बाद नहीं किया गया था खदान से खनन**

# दो माह में 25 हजार मेट्रिक टन कोयला खनन करने की छतरपुर को मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की छतरपुर टू खदान 30 मार्च 2024 को बंद होने की तैयारी की जा चुकी थी यह खदान सन 1993 से कोयले का खनन कर रही है।इस खदान के माध्यम से अभी तक 45.5 मेट्रिक टन कोयले का उत्पादन करने का कीतिमान अर्जित करने का कार्य किया है।



छतरपुर टू खदान से 25 हजार मेट्रिक टन कोयला दो माह में निकल जाने की अनुमति नागपुर हेड क्वार्टर से दिए जाने के बाद अब यह खदान मई के अंतिम सप्ताह में बंद होने की संभावना व्यक्ति की जा रही है। इस खदान से दो माह की अवधि तक और कोयला खनन किए जाने की अनुमति मिलने के बाद हेड क्वार्टर नागपुर के सुरक्षा सेफ्टी बोर्ड के पद अधिकारियों के दिशा निर्देश पर इस खदान से 25 हजार मेट्रिक टन कोयला दो माह में खनन किया जाएगा हालांकि जो छोटे-बड़े समान हैं उसे धीरे-धीरे करके सरफेस पर लाने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि 149 से अधिक कर्मचारी जो छतरपुर टू खदान में कार्यरत थे उन कर्मचारियों को कि खदान में स्थानांतरण किया जाएगा इसको लेकर भी बड़ी समस्या स्थानीय स्तर पर व्याप्त है। इसके अलावा पेच और कन्हान से 165 नए मजदूरों के पाथाखेड़ा आने की संभावना व्यक्ति की जा रही है। ऐसी स्थिति में हेड क्वार्टर नागपुर के माध्यम से छतरपुर टू खदान को दो माह अतिरिक्त कोयला खनन किए जाने की अनुमति देने का काम किया गया है जिससे वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के अधिकारियों ने राहत महसूस करने का कार्य किया है।

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के जिम्मेदार अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि छतरपुर टू खदान मैन्युअल है और यह एकमात्र ऐसी खदान है जहां पर मशीन के बजाय लोडरों से कार्य कराया जाता है अब क्षेत्र में तीन जो खदान है वहां पर लोडरो की आवश्यकता नहीं है ऐसे में 149 जो कर्मचारी है उनके स्थानांतरण एवं दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना भी डब्ल्यूसीएल के अधिकारियों के लिए परेशानी का कारण बनेगा लोडरो को यदि दूसरे खदान में शिफ्ट किया गया तो उनके केटागिरी पर प्रभाव पड़ेगा और केटागिरी के प्रभाव में कर्मचारियों की मेहनत और वेतन दोनों पर असर पढ़ने की संभावना से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है जो इस खदान से दूसरे खदान में जाने वाले मैन्युअल लोडर कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ेगा ऐसी स्थिति में इस खदान को दो माह की अनुमति मिल जाना लोडर क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए यह वरदान साबित होता दिखाई दे रहा है।

---

### शिक्षक की सेवानिवृति पर किया गया विदाई समारोह का आयोजन

**शाहपुर।** शाहपुर विकासखंड के कुंडी संकुल के प्राथमिक शाला भूमकाढानामें पदस्थ शिक्षक छतनलाल परते की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शाला स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस विदाई समारोह कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार नामदेव ,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जी आर बर्डे, सुनिल जोठे,शुभांशु गोहें , श्रीमती दीपना जगताप, कृष्णा कासदे, एवं जनपद शिक्षा केंद्र का समस्त स्टाफ एवं कुंडी संकुल के समस्त शिक्षक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। और सभी के द्वारा छतनलाल परते को उनकी सेवानिवृत्ति के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। एवं आगे भविष्य में वह अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करें इसके लिए बधाई दी गई। भूमका ढाना ग्राम के वरिष्ठ ग्रामीणों एवं छात्रों एवं शाला स्टाफ के द्वारा उन्हें बहुत सारी शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर छतन लाल परते के परिवार से उनके पारिवारिक सदस्य भी विदाई समारोह में शामिल हुए। छतनलाल परते शिक्षक के द्वारा अपने जीवन में बीते शिक्षा के प्रति सुनहरे पल सभी लोगों से साझा किए गए । सर्विस के जीवनकाल में उन्होंने अपना शिक्षण कार्य सात स्थानो में किया। यह सब उनके द्वारा सभी को बताया गया। उनकी कार्यशैली बहुत अच्छी थी। उन्होंने अपना जीवन शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित किया। एवं आने वाले समय में भी वह अपने शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहना चाहते हैं और छात्रों के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं। और भविष्य में वह शिक्षा के क्षेत्र से ही जुड़े रहना चाहते हैं। ऐसा उनके द्वारा बताया गया सभी के द्वारा उन्हें स्वस्थ सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। सबसे पहले कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा अर्चना विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी महोदय और प्रधान पाठक छतनलाल परते के द्वारा की गई। इस विदाई के शुभ अवसर पर पूर्व में सेवानिवृत हुए शिक्षक रामकृष्ण पवार और बृजलाल इरपाचे का स्वागत भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा फूल मालाओं से किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सुंदर स्नेह भोज सभी के द्वारा किया गया।

---

### लाखों रुपए मूल्य की सामग्री खाक, पता नहीं चले आग लगने के कारण

# खेत के मकान में लगी आग, बकरी सहित कृषि सामग्री जलकर खाक, सरई ग्राम में दो भाइयों के कोठे जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

सर्रई में मंगलवार एक बजे गणपति खपरिये एवं उनके भाई श्रीराम खपरिये के गाय बैल के कोठे मे अज्ञात करन से आग लग गई जिसमें बैलगाड़ी, साइकिल ,बकरी एवं लाखों रुपए मूल्य की कृषि सामग्री जलकर खाक हो गई। जहां आज जानी हुई है दोनों भाइयों के कोठे ( खेत में बना मकान ) ग्राम के बाहर लगभग गांव से ही लगा हुआ है जिसमें अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई।

कोठे के पीछे घास भूसा कड़बा एवं एक मंडा बना हुआ था जिसमें गाय भैंस बकरियां एवं बैलबंधे हुए थे वही उसके पीछे बलराम खपरिये का खेत है जो अपने खेत में काम कर रहे थे उन्हें अंगार की लपटे दिखाई दी तो उन्होंने तुरंत ही गणपति खपरिये को बताया। गणपति खपरिये एवं श्रीराम खपरिये का पूरा परिवार गांव के मकान में रहते थे जो तुरंत ही पूरे परिवार सहित कोठे पर पहुंचे तब तक बहुत तेज आग लग चुकी थी तेज लपेट उठ रही थी। लपटे इतनी तेज थी कि कोठे के सामने पांढुर्णा रोड है उसके सामने के मकान में भी आग की लपेट पहुंच गई थी वहीं पर एक जामुन का वृक्ष भी आग की लपटो से झुलस गया। कोठे के बाजू में कैलाश खपरिये का मकान में भी आज की लपेट पहुंच चुकी थी जिसे तुरंत ही घर के लोगों द्वारा बुझा दिया। इसके बाद तुरंत ही नल जल योजना से पानी चालू किया गया एवं पास ही ज्ञानी खपरिये के कुएं से पाइपलाइन लाकर ग्रामीणों को सहयोग से लगभग 1 घंटे में आज पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लगभग 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची तब तक ग्रामीणों द्वारा लगभग 80% आग बुझा चुकी थु। गणपति खपरिये ने बताया कि कोठे में 40 बकरीया, 25 भैंस एवं गायें दो जोड़ी बैल थे जिन्हें दोनों भाइयों के परिवार ने मिलकर हंसिए से रस्सी काटकर कोठे से बाहर निकला गया। वही कोठी में रखा खेती करने की सामग्री, सिंचाई के 90 प्लास्टिक पाइप एवं कोठे के पीछे 2 बैलगाड़ी, एक साइकिल एवं 1 बकरी जल गई। आंख की लपेटे इतनी तेज थी कि आजू-बाजू के लगभग 20-25 घरों के लोगों ने अपने घरों से गैस सिलेंडर एवं अपने पेट्रोल वाहन खेतों में ले जाकर रख दिए। आग लगने के 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंचने पर फायर ब्रिगेड द्वारा लगभग 2 घंटे तक पूर्णतया आपको बुझाया गया । कोठे में लगे फाटे पूर्णतया जल गए जिससे कवेलू पूरे नीचे गिर गए जिससे गाय भैंस या बकरी पूरे बाहर निकले या कुछ हद तक अंदर ही रह कर जल गए यह पता अभी नहीं चल पाया है।





### बिजली समस्या का समाधान नहीं होने पर किसानों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

# बिजली नहीं मिलने से नाराज किसान विभाग का गेट बंद कर धरने पर बैठे

**क्षेत्र के किसानों को मूंग की फसल की सिचांई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से किसान नाराज हैं। मंगलवार को किसानों ने बिजली विभाग का गेट बंद कर अपना विरोध दर्ज कराकर धरना प्रदर्शन किया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

सिवनीं मालवा क्षेत्र के किसान बिजली ना मिलने से परेशान है। मंगलवार को निपानिया, चतरखेड़ा सहित अन्य ग्रामों के किसान विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे। जहां लगभग 1 घंटे किसान अधिकारियों का इंतजार करते रहे पर कोई अधिकारी नही पहुंचा। जिससे नाराज किसानो ने बिजली विभाग का गेट लगा सड़क पर ही धरने पर बैठ नारेबाजी करने लगे। ग्राम निपानिया के किसानो ने बताया की चतरखेड़ा फिटर, निपानिया गांव, मकोडिया फिटर, पगढाल फिटर, पर किसानों को मूंग फसल सिंचाई के लिए पर्याप्त 10 घंटे बिजली नहीं मिलने के कारण मूंग की फसल लेट होती जा रही है। इन सभी फिटरो पर 3-4 घंटे ही बिजली मिल रही है। जिसके लिए निपानिया गांव के सभी किसानो के साथ अन्य गाँवों के किसान भी बिजली ऑफिस आये है तथा अधिकारीयों को ज्ञापन दिया है जिसमे चेतावनी दी है की यदि किसानों को बिजली नहीं मिलती है तो समस्त ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारीयों ने किसानो से चर्चा कर किसानो को आश्वासन दिया है की फाल्ट होने के चलते बिजली काटी जा रही है। जल्द ही व्यवस्था सुधार दी जायेगी। जिसके बाद सभी किसानों से अपना धरना समाप्त किया।

# विद्युत वितरण कंपनी के खंबों पर अवैध होर्डिंग लगे, एई बोले कार्रवाई करेगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



नगरीय क्षेत्र में पत्थर पुल से लेकर बानापुरा तक बिजली विभाग के लगभग 50 खंबे है जिनमें से अधिकतर पर एक विज्ञापन एजेंसी द्वारा अवैध तौर पर कब्जा करके विज्ञापन के लिए होर्डिंग लगाए जा रहे है। बिजली विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारी दिनभर वहां से निकलते है बावजूद इसके सभी अधिकारी इस बाद से अंजान है कि बिजली विभाग के खंबो पर दिन दहाड़े अवैध होर्डिंग किसने लगाए।

इस तरह मुख्य मार्ग पर विज्ञापन एजेंसी द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग से बिजली विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा है तो वहीं प्रशासन के लापरवाह रवैये के कारण अवैध कार्यो को बढ़ावा भी मिलता नजर आ रहा है। गौरतलब है कि इन दिनों आचार संहिता लगी हुई है जिसमें प्रशासन द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें राजनैतिक व अवैध होर्डिंग को भी हटाया गया है लेकिन मुख्य मार्गो पर आचार संहिता के दौरान बिजली विभाग के खंबो पर लगे अवैध होर्डिंग प्रशासन की लाचारगी या संलिप्तता बयां करते है।

### होर्डिंग अवैध, कार्रवाई करेगें : एई

बिजली विभाग के एई खालिद आजम का कहना है कि पत्थर पुल से लेकर बानापुरा तक जो खंबे लगे है वह बिजली विभाग के है। हमारे द्वारा किसी प्रकार का कोई टेंडर नहीं निकाला गया है ना ही किसी को होर्डिंग लगाने की अनुमति दी गई है। आपसे जानकारी लगी है कि खंबो पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विज्ञापन वाले होर्डिंग लगाए गए है, जो कि पूरी तरह अवैध है। जानकारी ली जाएगी कि किस व्यक्ति ने इस तरह का काम किया है। होर्डिंग को निकलवाया जाएगा और संबंधित व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# इको पर्यटन केंद्र भीलटदेव का प्रकृति भ्रमण कर छात्राओं ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में सतत जीवनशैली-स्थलीय एवं जलीय जैव विविधता संरक्षण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत द्वितीय दिवस पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संघटन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओ को इको पर्यटन केन्द्र भिलटदेव का प्रकृति भ्रमण एवं पौधा रोपण करवाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब प्रभारी डॉ. सतीश बालापुरे प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा इको पर्यटन केन्द्र भिलटदेव में विभिन्न प्रकार के संरक्षित पक्षी एवं जीवों के बारे में विस्तृत विवरण दिया।

रजनीकांत वर्मा वनस्पति शास्त्र द्वारा इको पार्क में उपस्थित विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति एवं पेड़ पौधो का विस्तृत विवरण छात्राओ को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ राकेश निरापुरे, काजल रतन, खुश्यालराव कोशे, आकांक्षा पांडे, डॉ नीरज विशकर्मा, प्रवीण साहू, डॉ पदम शर्मा, डॉ गजेंद्र, डॉ मनीष दीक्षित एवं महाविद्यालय की छात्राये उपस्थित रही।

# खेड़ापति माता मंदिर परिसर में फैले कचरे में पूजा करने विवश श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



नगर के एकमात्र खेड़ापति माता मंदिर परिसर में कचरे एवं गंदगी का अंबार लगा है नगर परिषद खेड़ापति माता मंदिर पर साफ सफाई को लेकर जरा भी जिम्मेदार नहीं है सोमवार को शीतला सप्तमी के अवसर पर सैकड़ो महिलाओं एवं नागरिकों ने खेड़ापति माता मंदिर पर जाकर देवी की पूजा की इस अवसर पर प्रतिवर्ष सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पूजन करने पहुंचते हैं बावजूद उसके माता मंदिर परिसर में जहां तहां गंदगी कचरे का अंबार लगा है नगर परिषद द्वारा त्योहारों को देखते हुए भी खेड़ा पति माता मंदिर पर सफाई नहीं कराई जा रही नागरिकों की कहना है कि यहां हफ्तों में सफाई नहीं होती ऐसे में आगामी दिनों में आने वाले चैत्र नवरात्र के अवसर पर लगातार भक्तों का आवाजाही लगी रहती है बनखेड़ी क्षेत्र के एकमात्र खेड़ापति माता मंदिर में गंदगी से लोगों में आक्रोश है जगह मटेरियल, पत्थर, पत्तियां और कचरा पड़ा हुआ है और पूरे परिसर में गंदगी का अंबार है भक्तों को नागरिकों को मंदिर में पूजन करने में काफी सुविधा का सामना करना पड़ा, नागरिकों ने मांग की है कि बनखेड़ी नगर के खेड़ापति माता मंदिर परिसर को साफ रखना परिषद की जिम्मेदारी है इसे स्वच्छ रखना चाहिए, साफ-सफाई के लिए नगर परिषद द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# कॉलेज प्रशासन के खिलाफ अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने वाहन पार्किंग सुविधा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी को ज्ञापन सोपा। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को आधे हाथों लेते हुए आरोप लगाया है कि कॉलेज के द्वारा इस पर भेदभाव किया जा रहा है छात्र-छात्राओं के वाहनों को बाहर पार्किंग में खड़ा कराया जाता है तथा प्राचार्य से लेकर सभी प्रोफेसर अपनी बहन कॉलेज परिसर में अंदर ली जाते हैं वह पार्किंग में खड़े नहीं करते हैं इस तरह से बच्चों में भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कई प्रशासन पर तानाशाही रपैया अपने तथा छात्र-छात्राओं को परेशान करने का प्रयास करने के आरोप लगाए हैं उनका कहना है कि छात्र-छात्राओं के वाहन पार्किंग में खड़े होते हैं तो दूसरी ओर कल प्रशासन के बाहर अंदर खाली परिसर में खड़े होते हैं कॉलेज प्रशासन को भी पार्किंग क्षेत्र में वहां खड़ी करने के निर्देश दिया जानी चाहिए जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा हो सके।विषय में प्राचार्य डॉक्टर राकेश वर्मा एवं अन्य प्रोफेसर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए पार्किंग व्यवस्था अलग बनाई गई है।

# प्रथम दिवस स्कूली बच्चों का मनाया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम खांडा देवरी के हाई स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर , मुँह मीठा कराकर शाला में स्वागत किया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र की सभी छात्र छात्राओं व स्टाफ को शाला प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी ने शुभकामनाएं दीं। साथ ही नये सत्र में सदैव आगे बढ़ने एवं अपनी क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन किया। समस्त स्टाफ ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी, शिक्षक पंकज कुमार दुबे,राजेश कुमार साहू, सोहनलाल अहिरवार, नीमचन्द पटेल, ब्रजेश कुमार मेहर, सुमन डोंगरे, दुर्गा शाह, रितु साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएम राइज विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



सीएम राइज विद्यालय में समारोह पूर्वक प्रवेशोत्सव का आयोजन करके, विद्यालय खुलने के प्रथम दिवस प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत उप प्राचार्य मनीष गुप्ता एवं स्टाफ के आरएन श्रीवास, संजय टिकार, सविता साहू, देवेन्द्र नागवंशी, ज्योति यादव, संतोष यादव सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ ने सर्वप्रथम तिलक लगा कर और पुष्प गुच्छ द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने, उसके लाभ हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण भी किया गया। अप्रैल माह में शिक्षा के साथ ही सह शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन में बालसभा,खेल आदि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित होने वाले पूरे कार्यक्रम बच्चों को समझाएं गए तथा शासकीय विद्यालयों में मिलने वाले लाभों को भी बताया गया। इस अवसर पर प्रथम दिवस के बावजूद अधिक संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।सभी में हर्ष व्याप्त देखा गया।

# आग बुझाने के लिए नपा ने किया हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

गेहूं खरीदी के साथ कटाई भी प्रारंभ हो चुकी है इसके बाद किसानों के फसल की तैयारी के लिए अक्सर नरवाई में आग लगा दी जाती है। जिस पर जिला कलेक्टर से लेकर सभी अधिकारी प्रतिबंध लगा चुके हैं लेकिन उसके बाद भी किसान इस बात से परहेज नहीं कर रहा। जिसके कारण कई बार लोगों के घरों में आग लग जाती है कई बार किस के खेत में खड़ी फसल में आग लग जाती है और इस आग से जीव जंतु पेड़ आदि सभी नष्ट हो जाते हैं। नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, सीएमओ आरपी नायक के द्वारा जनहित एवं किसान हेतु को ध्यान में रखते हुए आग बुझाने के लिए दो फायर ब्रिगेड से तैयार कर दिए गए हैं जो हमेशा पानी से भरे हुए तथा उन पर ड्राइवर एवं अन्य कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे इसके लिए थाने में सूचना देनी होगी सूचना प्राप्त होने के बाद तत्काल कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग करेंगे। इसके लिए नगर पालिका ने नीरज मालवीय ड्राइवर मोबाइल नंबर 8989141345 यह प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेंगे जिनके साथ निलेश नागल रवि शंकर मोर यह कार्य करेंगे दूसरे ड्राइवर जीतेंद्र कर जिनका मोबाइल नंबर 99934155 यह दोपहर 2 से रात की 10 बजे तक रहेंगे जिनके साथ हाकम सिंह कर्मचारी उपस्थित रहेंगे उसके बाद जगदीश मालवीय ड्राइवर दिन का मोबाइल नंबर 7987217114 यह रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी पर रहेंगे। इनके साथ मनोज मालवीय कार्तिक इन लोगों की ड्यूटी लगाई गई है सबसे पहले किस को आग लगने की सूचना समिति के थाना में देना होगी थाना से नपा में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल गाड़ी जारी कर दी जागी।

# ग्रामीण मतदाताओं को रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन के निर्देशक संसार अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत मोकलवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से मतदाता जागरूक रैली ग्राम पंचायत में निकाली गई इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 वा2 के द्वारा प्रत्येक मोहल्ले में निकाली गई इसमें मतदाताओं को जागरूक किया गया कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक सोनाली शर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ब्लू एवं समस्त माध्यमिक शाला के शिक्षक को उपस्थित रहे छात्र-छात्राओं के द्वारा नवीन मतदाताओं के द्वारा नई लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। प्रशासन के द्वारा प्रतिदिन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नई-नई व्यवस्था बताई जा रही है जिसके अंतर्गत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मतदान के लिए जागरूक करना बहुत आवश्यक है और मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के जागरूक मतदाता माधव सिंह रघुवंशी ने बताया की आंगनबाड़ियों के द्वारा मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही इसके अलावा मतदाता सूची में दोहरे नाम मतदान के लिए किसी के दबाव में ना आने संबंधी भी जानकारी दी जा रही है निर्वाचन के अधिकार के प्रयोग करते हुए मानव अधिकारों के साथ इसके संबंध में जानकारी दी जा रही है।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

पिपरिया-नर्मदापुरम राज्य मार्ग पर स्थित आंचलखेड़ा गांव के पास एक आयशर ट्रक वाहन एवं मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई जिसमें मोटर साइकिल चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सागर यादव पिता विनोद यादव निवासी सुआखेड़ी जोकि नर्मदापुरम की ओर से अपने घर आ रहा था तभी पिपरिया की ओर से आ रहा ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीए 8832 के चालक ने मोटर साइकिल मे टक्कर मार दिया। जिससे सागर को गंभीर चोट आई परिजनों ने सागर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए परन्तु सागर की जान नहीं बच सकी उसने दम तोड़ दिया।

### गर्मियों में कई बार अचानक बांस के झुरमुटों में लग जाती है आग

# बांस के झुरमुटों में अचानक आग लगी: भोपाल इंदौर रोड पर चर्च मैदान के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भोपाल इंदौर रोड पर चर्च मैदान के पास स्थित बांस के झुरमुटों में अज्ञात कारणों से आग लग गई है। आग लगने की सूचना के बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचे हैं और आग पर काबू पा रहे हैं।जानकारी के अनुसार, भोपाल इंदौर मार्ग पर बांस का घना झुरमुट है। जो चर्च मैदान के पास स्थित है।

सोमवार की दोपहर लगभग ढाई बजे इन बांस के झुरमुटों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें ऊपर तक उठने लगी। इसी बीच फायर ब्रिगेड को अनेक राहगीरों ने सूचना दी जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा रही है। गौरतलब है कि हर साल बांस के झुरमुटों में भीषण गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं कई बार घटित होती हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण यह बताया जाता है कि तेज गर्मी में जब हवा चलती है तो बांस के झुरमुटों में बास आपस में टकराते हैं और इनमें आग लग जाती है। लेकिन आज किन कारणों से आग लगी। अभी तक इसका पता नहीं लग सका है।

# पार्किंग जोन की समस्या से जूझ रहा शहर, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहनों के पार्किंग की है। हालत यह है कि पूरे बाजार की सड़कों के दोनों तरफ दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने पर यहां से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है। इस समस्या से शहर सालों से जूझ रहा है। इसके बाद भी अभी तक नपा इस समस्या का समाधान नहीं कर सकी है। आलम यह है कि सड़कों की साइडों पर वाहन पार्किंग होने से बार-बार जाम की समस्या बनती है।

शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा शहर में लगातार जनसंख्या वृद्धि हो रही है। लेकिन नपा ने अभी तक शहर में पार्किंग की समस्या को कोई स्थाई समाधान नहीं खोजा है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर हर रोज 10 से 15 हजार वाहन आते हैं। जो सड़कों पर ही खड़े हो रहे हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। यदि इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ जाएगी। बीते दशकों में शहर का फैलाव तो हुआ लेकिन वाहन पार्किंग के लिए और स्थाई समाधान नहीं हो हो सका है। लोगों को यह समझ नहीं आता है कि आखिर वे वाहनों को कहां खड़ा करें।

### इन स्थानों पर पार्किंग की समस्या

गांधी रोड गांधी रोड की हालत यह है कि यहां पर सुबह से रात तक भीड़ ही रहती है। यहां पर कपड़े के अलावा चूड़ी और महिला सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों की संख्या अधिक है। इसलिए महिलाओं की भीड़ इस बाजार में देखने को मिलती है। इसके अलावा सराफा बाजार में में सोने और चांदी की दुकानें हैं जिस कारण से यहां पर भी त्योहारी सीजन में काफी भीड़ हुआ करती है। वैसे तो हर रोज ही यहां पर भीड़ रहती है। लेकिन खासकर त्योहारी सीजन में समस्या बढ़ जाती है।

## मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# मतदान करने आने वाले मतदाताओं को न हो कोई परेशानी: कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने 18-विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत इछावर एवं भेरूंदा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/इछावर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने 18-विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत इछावर एवं भेरूंदा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने मतदान केन्द्र कांकरखेड़ा-1 एवं मतदान केन्द्र कांकरखेड़ा-2 श.उ.मा.वि.इछावर-1 एवं इछावर-2 नालंदा, भाऊखेडी, लसूडिया कांगड़, बोरदीकला-1 एवं बोरदीकला-2 और नादान सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टैंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ.सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं



के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने रिटर्निंग अधिकारीए सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा बीएलओ से संबंधित मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या गत मतदान के प्रतिशत तथा स्वीप गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। एसपी मयंक अवस्थी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों तथा सेक्टर अधिकारियों से संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा असामाजिक एवं अवांछित व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आगमन एवं उनकी गतिविधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान कर सके इसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने देखी मध्यान भोजन की गुणवत्ता

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह जिले के भ्रमण के दौरान जिले के अनेक मतदान केन्द्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। इसी श्रृखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाड़कुई में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के बारे में उन्होंने भोजनशाला का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राएं जहां भोजन ग्रहण करते है वहां जाकर स्वयं भोजन चख कर गुणवत्ता देखी। इसके साथ ही उन्होंने दिए जाने वाले मध्यान भोजन के बारे एवं प्रतिदिन के भोजन के मीनू के बारे में छात्र-छात्राओं से जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए की निर्धारित मीनू के अनुसार विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता का भोजन दिया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की।

### स्कूलों में कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने चार प्रधानाध्यापकों को दिया नोटिस

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अपने भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2024 से प्रवेश प्रारंभ प्रक्रिया का अवलोकन किया और निर्देश दिये की नवीन शिक्षा सत्र में समस्त स्कूलों में बच्चों को नवीन कक्षाओं में अधिक से अधिक प्रवेश दिये जाना सुनिश्चित किया जायेगा और नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जाये। कलेक्टर सिंह के भ्रमण के दौरान शासकीय शाला कांकरखेड़ा, शा.शाला लसुड़लिया कांगर, बोरदीकला, नादान स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों की बहुत कम उपस्थिति पाई जाने एवं स्कूलों में साफ-सफाई और अतिक्रमण की जानकारी पाई जाने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये कांकरखेड़ा के प्रभारी प्रधानध्यापक, और शासकीय माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधानध्यापक रामसिंह ठाकुर, स्वरूप सिंह गोफनिया और तुकाराम सनोटिया कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जमील खान, जनपद सीईओ शिवानी मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आमसागर में मतदाता जागरूकता रैली, दिलाई शपथ

**रहटगांव।** ग्राम पंचायत आमसागर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमे लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में जिला स्वीप आईकन अंतराष्ट्रीय कराटे खिलाडी ब्लैक बैल्ट अनिल मल्हारे ने मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। जिसमे कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचकों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सचिव कैलाश बिलारे ने बताया कि रैली ग्राम पंचायत से शुरू होकर गांव के मुख्य चोराहे पर खत्म हुई मतदाताओं को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मेरी शान वोट का निशान, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करे मतदान। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव कैलाश बिलारे, बीएलओ श्रवण मरकाम जीआरस दीपक धोसिया, डिप्टी रेंजर रिंकू मिश्रा, जिला स्वीप आईकन अनिल मल्हारे,शिक्षक मनोज उपाध्याया,आँगनवाड़ी कार्यकर्ता स्नेह लता,हरिशंकर, जयसिंग अनिल धुर्वे, राजेंद्र गुलाव सिँह कमला बाई रामप्यारी बाई, अर्चना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 'जन-जन ने ठाना है, मतदान का फर्ज निभाना है'

**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल एवं खण्डवा, मांधाता एवं पंधाना विधानसभा क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम रोशनी में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने मतदान करने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इसके अलावा उत्कृष्ट स्कूल खालवा में युवा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। इसी तरह महिला बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन एवं पंधाना में भी ग्रामीणजनों को मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई।

## यहां पर 27 मार्च को भी पलटी थी बस

# सिराली-हरदा मार्ग पर बस पलटी 13 यात्रियों को मामूली चोंटे आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सिराली से हरदा की ओर जा रही एक यात्री बस मंगलवार को मसनगांव रेलवे फाटक के पास बेकाबू होकर पलट गई। जिसमें 13 यात्रियों को मामूली चोटें आई है। बस में सवार यात्रियों की माने तो बस में चालीस लोग सवार थे। घायल यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर तेज गति से बस चला रहा था। इस दौरान बस अचानक बेकाबू होकर पलट गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई।

वहीं आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल बस में सवार यात्रियों को बस के आगे के टूटे शीशे की तरफ से बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के जवानों ने तत्काल मामूली घायलों को सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। गौरतलब है कि 27 मार्च को भी जम्भ शक्ति कंपनी की ही एक यात्री बस हरदा से सिराली की ओर जाने के पहले रोलगांव के पास पलट गई थी। जिसमें 9 यात्रियों को चोटें आई थी। बस में सवार यात्री बलिराम पिता गुल्ला कोरकू (17) साल निवासी तवा खेड़ी ने बताया कि वह मजदूरी के काम से अजनई जा रहा था। इस दौरान बाद के पलटने से उसे पैर में चोट आई है। इसी तरह टिमरनी के वार्ड- 4 में रहने वाले सुनील कहार ने बताया कि वह अपने दो भांजो के साथ बस में सवार होकर हरदा आ रहा था। इस दौरान बस के पलटने से उन्हे भी पैरों में चोट लगी है। जबकि दोनों भांजे सुरक्षित है। जिला अस्पताल में लाए गए सभी 13 घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।जबकि एक बुजुर्ग को कमर में चोट लगने से उसका एक्सरे कराया जा रहा है। यात्रियों के मुताबिक हादसे के बाद बस ड्राइवर ओर कंडक्टर मौके से फरार हो गए।

### 6 बच्चों का हुआ नवोदय में चयन

हरदा। टिमरनी ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बघवाड़ की सरकारी प्राइमरी स्कूल के छह विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। विद्यालय के शिक्षक कोमल अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं पढ़ाई के प्रति जागरूकता के चलते इस बार एक साथ छह छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। बीते 25 सालों में विद्यालय से करीब पचास से अधिक छात्र छात्राओं का चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रीति इंदौरे, तुलसी इंदौरे, त्रिवेणी कीर, निकिता अटेरिया, साक्षी गदंवाने, सत्यम राजपूत ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता हासिल कर छठवीं कक्षा में प्रवेश प्राप्त किया है।

## 2 करोड़ 65 लाख रुपए की संपत्ति हुई नीलाम

### पटाखा फैक्ट्री मालिक की अचल संपत्ति की नीलामी हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के पालन में मंगलवार को न्यायालय तहसीलदार हरदा के परिसर बैरागढ़ ब्लास्ट के आरोपी राजेश पिता नंदलाल एवं सोमेश पिता नंदलाल अग्रवाल की संपत्तियों की नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न हुई। कलेक्टर श आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की अचल सम्पत्ति की कुल 24 खसरा नंबर है, जिसका शासकीय गाइडलाइन अनुसार कुल मूल्य 69 लाख 41 हजार 984 रुपए है। इसके विरुद्ध 2 करोड़ 65 लाख 42 हजार रूपये की उच्चतम बोली प्राप्त हुई। उन्होने बताया कि आरोपियों की अचल सम्पत्ति में से दो खसरे ग्राम रहटाखुर्द में खसरा नंबर 160/18 तथा वार्ड क्रमांक 5 हरदा में स्थित नजूल सीट क्रमांक 10 बी प्लाट नंबर 74 के विरुद्ध कोई भी बोलीदार द्वारा मंगलवार को बोली नहीं लगाई गई। इस अचल सम्पत्ति का शासकीय गाइडलाइन अनुसार मूल्य 1 करोड़ 54 लाख 85 हजार 875 रूपये है तथा बाजार मूल्य लगभग 3 करोड़ 99 लाख 50 हजार रूपये है।

कलेक्टर ने बताया कि जिस सम्पत्ति की मंगलवार को बोली नहीं लगाई गई, उसकी नीलामी की कार्यवाही आगामी 7 दिवस में फिर से की जाएगी। उन्होने बताया कि जिन भूमियों पर उच्चतम बोली प्राप्त हो गई है उसे जिला स्तर पर गठित दल की ओर अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा एवं दल से स्वीकृति प्राप्त कर नियम अनुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## 'मेरा वोट मेरा अधिकार'

# अमृत बाल वाटिका में तो कहीं मंदिर में मतदान की शपथ दिलाई




**खरगोन।** आगामी महीने में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में आम मतदाता अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर सकें। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के हर गांव में मतदाता जागरूकता की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मेरा वोट मेरा अधिकार की तर्ज पर नगर परिषद बिस्टान, भीकनगांव सेक्टर, आशापुर, सेगांव परियोजना के ग्राम जमोठी और तलकपुरा सेक्टर सहित अन्य ग्रामों में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि आगामी 13 मई को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जाएं और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। मतदाता जागरूकता अंतर्गत मतदाताओं को पंचायत भवन में, अमृत बाल वाटिका में तो कहीं मंदिर में ही मतदान करने की शपथ दिलाई गई। वहीं ढोल तासों के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# खरगोन में मोपेड को बाइक ने पीछे से मारी टक्कर, युवक की मौत

## बड़वाह में जामुन तोड़ते समय पेड़ से गिरा, युवक ने मौके पर दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शहर के बिष्टान रोड पर गोकुल दास पब्लिक स्कूल के पास हादसे में घायल युवक रोहित पिता ओंकार (18) बारेला दामखेड़ा मल्टी मेनगांव की अस्पताल में मौत हो गई। उसे सोमवार शाम करीब 5.30 बजे हादसे में गंभीर घायल हुआ था। मंगलवार को शव पीएम बाद परिजन को सौंपा।पूर्व सरपंच फेजू भाई ने बताया अन्य मोपेड को पीछे से टक्कर मारी। उस पर सवार मुबारिक पिता बाबू (60) गोपालपुरा, पत्नी सकीना पति मुबारिक (55) व नातिन शहरीना पिता सिराज 8 नांदला थाना बलकवाड़ा घायल हो गए। खरगोन से कपड़े खरीदारी कर लौट रहे थे। वे भी घायल हो गए।

### जहरीली दवाई पीने से मौत

भीकनगांव के चिकलवास में मढिया पिता दितला (30) ने जहरीली दवाई पी ली। उसे भीकनगांव अस्पताल से खरगोन जिला अस्पताल रेफर किया गया था। मंगलवार सुबह की मौत हो गई।

### पेड़ से जामुन तोड़ते समय 30 फीट नीचे गिरा युवक

*जिले के बड़वाह में एक युवक जामुन तोड़ते समय करीब 30 फीट ऊंचे पेड़ से नीचे जमीन पर गिर गया। युवक के साथ-साथ पेड़ की एक डाली भी टूटकर उसके ऊपर गिर गई। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना तारा श्री अल्का पार्क कॉलोनी के गेट के बाहर की है। इस कॉलोनी में युवक लखन पिता मुन्ना निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने गया था। दोपहर में खाना खाने की छुट्टी हुई थी। यहां पर लखन ने साथियों के साथ भोजन किया। इसके बाद कॉलोनी गेट के बाहर जामुन तोड़ने के लिए गया था। जैसे ही पेड़ पर चढ़ा तो अचानक एक डाली टूट कर युवक नीचे गिर गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर साथी मौके पर पहुंचे। उसे गंभीर हालत में बड़वाह शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। सूचना मिलते ही लखन के परिजन भी अस्पताल पहुंचे।*

# खालवा में प्रवेश चयन प्रक्रिया प्रारंभ

**खंडवा।** खंडवा जिले के विकासखंड खालवा में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय जनजातीय बालक क्रीड़ा परिसर खालवा में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाना है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि छात्रों की नवीन चयन प्रक्रिया हेतु 15 जून से 25 जून 2024 तक विद्यार्थियों के बैटरी टेस्ट के आधार पर हॉकी, थ्रो बॉल एवं एथलेटिक्स खेलों में शर्तों के अधीन परीक्षा ली जावेगी। नवीन प्रवेश हेतु आवेदन पत्र अधीक्षक जनजातीय बालक क्रीड़ा खालवा में 20 अप्रैल तक जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जावेगी। छात्र अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिये, जिले एवं क्षेत्र का कोई बंधन नहीं है। खेल परिसर में जनजातीय संवर्ग के विद्यार्थियों की आयु वर्ग 11 से 14 वर्ष मिनी 14 से 16 वर्ष जूनियर एवं 16 से 18 वर्षा सीनियर में प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा में चयन हेतु निर्धारित बैटरी टेस्ट में 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में प्रवेश के समय कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं की मूल अंक सूची, प्रोफाईल पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए शासकीय जनजातीय बालक क्रीड़ा परिसर खालवा में सम्पर्क कर सकते है।

## पुलिस ने 70 लीटर शराब और 3 क्विंटल महुआ लहान नष्ट किया





**खरगोन।** लोकसभा चुनाव को लेकर खरगोन पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। मंगलवार को मेनगांव पुलिस ने दबिश देकर नवलपुरा में कुंदा के पास नाला किनारे धधकती शराब भट्टी पकड़ी। 70 लीटर कच्ची शराब वह 300 किलो महुआ लहान नष्ट किया गया।8 प्लास्टिक ड्रम में भरी थी।हाथ भट्टी पर अवैध शराब बनाते हुए पुलिस ने दीपक पिता गेंदालाल वर्मा (32) निवासी अवरकच्छ पर अपराध 139/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया। मौके पर आसपास 5 नीले व 2 सफेद ड्रम व 1 प्लास्टिक की केन में शराब भरी थी। शराब, महुआ लहान व निर्माण सामग्री लगभग 45 हजार रुपए की बताई जा रही थी।

# 15 अप्रैल तक चलेगा नवचंडी मेला

**खंडवा।** खंडवा के निवासियों के लिए मेले की बढ़ोत्तरी की, अब 15 अप्रैल तक मेले का आनंद ले सकेंगे। मेले का आयोजन संगठनकर्ता और मंदिर प्रमुख बाबा गंगाराम ने आम जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए किया है। प्रशासन भी इस बढ़ोत्तरी को समर्थन देता है और परमिशन देता है। नवचंडी मेला खंडवा शहर का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक आयोजन है।

इस मेले में लोग सस्ते रेट पर विभिन्न वस्त्र, गृह-उपयोगी वस्त्र, खिलौने, खाद्य सामग्री, और अन्य उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। इसके साथ ही, खाने-पीने के व्यवसायिक स्थान और मनोरंजन की व्यवस्था भी होती है। मेले के दौरान स्थानीय व्यापारियों को अच्छा व्यवसाय का मौका मिलता है और लोगों को सस्ता सामान प्राप्त करने का लाभ होता है। महंत बाबा गंगाराम ने इस बढ़ोत्तरी की घोषणा करते हुए यह उत्साह स्पष्ट किया कि इस बार का मेला भी पिछले वर्षों की तरह



लोगों के लिए रोमांचक और मनोरंजन से भरपूर होगा। उन्होंने बताया कि इस बढ़ोत्तरी का निर्णय लेने के लिए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह,निगम आयुक्त से विवेकन किया गया था, जो इसे स्वीकार कर लिया। अब खंडवा के नागरिक 15 अप्रैल तक मेले का आनंद ले सकेंगे।

## नहरों के माध्यम से अंतिम छोर के खेतों की सिंचाई के लिए पानी पहुंचाएं



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार सुबह 6 बजे से जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा कर नहरों के माध्यम से मूंग की फसल की सिंचाई के लिये की गई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक नहर का पानी पहुँचाया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम उंद्राकच्छ, कुकरावद, नकवाड़ा, रहटाखुर्द, मरदानपुर, जतराखेड़ी, रोलगांव का दौरा कर नहर से आ रहे पानी के स्तर को चैक किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देश दिये कि नहर से सिंचाई के लिये अवैध रूप से पानी लेने वाले किसानों को रोका जाये। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन किसानों को नहर से पानी लिफ्ट करने के लिये जल संसाधन विभाग ने अनुमति दी है, वे विधिवत विद्युत कनेक्शन लेकर ही पम्प का संचालन करें। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन डी.के. सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## कलेक्टर आदित्य सिंह विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से की समीक्षा

# आंगनबाड़ी केन्द्रों को आकर्षक व सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होने कहा कि जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों की रंगाई पुताई व पेंटिंग कराकर आकर्षक बनाया जाए और आंगनवाड़ी भवन की दीवारों पर महिलाओं और बच्चों के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी तथा आंगनवाड़ी में वितरित होने वाले पोषण आहार का मेनू, पेन्ट कर लिखवाया जाए।

आंगनवाड़ी केन्द्रों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत अतिरिक्त समय में युवा छात्राओं को उच्च शिक्षण के लिये कोचिंग देने की व्यवस्था भी की जाए। इसके लिये जिला प्रशासन हर संभव मदद उपलब्ध



करायेगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी सहित विभाग की परियोजना अधिकारी व सुपरवाइजर मौजूद थी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि जिले में 699 आंगनवाड़ी केन्द्रों में से 424 विभागीय सरकारी भवन में संचालित है। अन्य शासकीय भवनों में 145 तथा किराये के भवनों में 130 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित है। जिले में 40 आंगनवाड़ी भवन निर्माणाधीन है।

### प्रचार-प्रसार करें

कलेक्टर सिंह ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाली महिलाओं के लिये अलग से शौचालय की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। उन्होने पुराने खण्डहर हो चुके आंगनवाड़ी भवनों को गिराकर नये आंगनवाड़ी भवन निर्माण के प्रस्ताव शासन को भिजवाने के लिये भी कहा। उन्होने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद के लिये संचालित विधिक सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता व आश्रय सहायता से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के लिये विभागीय सुपरवाईजर्स को निर्देश दिये। उन्होने महिलाओं के लिये संचालित निःशुल्क विधिक सहायता योजना के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा ताकि अधिकाधिक पीड़ित महिलाएं इन योजनाओं का लाभ ले सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि बच्चियां स्कूल की पढ़ाई बीच में न छोड़ें, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए तथा शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बनाकर इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में उन्होने लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं तथा वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों की समीक्षा भी की।